तिथिबद्व

प्रेषक

रजिस्ट्रार
सहकारी समितियां, हरियाणा
पंचकूला ।

सेवा में,

1. प्राधानाचार्य, सहकारी प्रबन्ध केन्द्र, रोहतक ।
2. सभी उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, हरियाणा राज्य में ।
3. सभी सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, हरियाणा राज्य में ।
4. सभी लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां, हरियाणा राज्य में ।

यादि कमाकः प्रशा0 II (I)/6326-72
दिनांकः 5-6-18

विषयः लिपिकों का अग्रेंजी/हिन्दी का टाईप टैस्ट लेने बारे ।

आपका ध्यान उपरोक्त विषय की ओर दिलाते हुए आपको सूचित किया जाता है कि जिन लिपिकों की नियुक्ति सेवानियमों 1989 के प्रावधान अनुसार हुई है उन लिपिकीय अमले का विभागीय टाईप टैस्ट लिया जाना है तथा संशोधित सेवानियम 2013 के अनुसार नियुक्त लिपिको द्वारा हारट्रोन के माध्यम से SETC Test पास किया जाना है। इसलिए इन्हे विभागीय टाईप टैस्ट के लिए ना भेजा जाए। केवल उन्ही लिपिको को मुख्यालय में टाईप टैस्ट के लिए भेजा जाए, जिन्होनें सेवानियमों 1989 के अनुसार विभागीय टाईप टैस्ट दिया जाना है। विभागीय लिपिकीय अमले का अग्रेजी/हिन्दी का टाईप टैस्ट निम्नानुसार दर्शाई गई तिथियों को मुख्यालय में लिया जाएगाः–

Phase	Circle	Date	Time
Phase-I	DR Circle Kurukshetra and Karnal.	13-06-2018	11:00A.M.
Phase-II	DR Circle Rohtak and Hisar.	14-06-2018	11:00A.M.
Phase-III	DR Circle Bhiwani, Gurgaon and Head Office.	15-06-2018	11:00A.M.

अतः आप अपने कार्यालय/वृत के सभी कार्यालयों में कार्यरत लिपिको जिन्होने सेवानियमों 1989 के अनुसार विभागीय टाईप टैस्ट दिया जाना है, को टाईप टैस्ट की तिथि से अवगत करायें। यह आपकी अपनी जिम्मेवारी होगी कि कोई लिपिक टाईप टैस्ट की तिथि से अनभिज्ञ न रह जाए। इसलिए आप अपने स्तर पर भी अपने अधीनस्थ लिपिकों जिन्हें विभागीय टाईप टैस्ट पास करना अनिवार्य है, को निर्देश दिए जाए कि वह निश्चित तिथि एवं समय पर टाईप टैस्ट देने हेतू मुख्यालय में उपस्थित हो, जो लिपिक टाईप टैस्ट देने आये उनके हस्ताक्षर को सत्यापित करके उन्हें देवें, ताकि उन्हें टाईप टैस्ट में बैठने दिया जायें।

इसे अति आवश्यक समझा जाए।

स्थापना अधिकारी
कृतेः रजिस्ट्रार सहकारी समितियां,
हरियाणा, पंचकूला।

पृष्ठांकन कमांक–प्रशा0 II(1)/ दिनांकः

उपरोक्त की एक प्रति निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाती हैः–

1. सभी शाखा इन्चार्ज (मुख्यालय में) से अनुरोध है कि वह अपनी–2 शाखा के लिपिकीय अमले को उक्त टाईप टैस्ट की तिथि 15.06.2018 से अवगत कराये और उन्हें निर्देश देवे कि वह उक्तानुसार टाईप में भाग लेवें।
2. उप–अधीक्षक (प्रवर्तन) को निर्देश दिए जाते है कि वह आई0 टी0 सैल में कम्प्युटर पर टाईप टैस्ट देने के लिए उक्त तिथियों को उचित प्रबन्ध करें।

स्थापना अधिकारी
कृतेः रजिस्ट्रार सहकारी समितियां,
हरियाणा, पंचकूला।